चुनावी नतीजों ने बाजार को दी राहत अब तेल, रुपया व मानसून लेंगे परीक्षा

दिन में 997 अंक उछल गया था सेंसेक्स, बाद में मुनाफावसूली का दिखा असर

संवाद न्यूज एजेंसी। नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप रहे। इसलिए, नतीजों ने सोमवार को शेयर बाजार में तेजी की कोई नई कहानी नहीं लिखी, बल्कि अनिश्चितता का एक पर्दा भर हटाया। इससे दिन के कारोबार में 997.25 अंक की बढ़त बनाने वाला सेंसेक्स ऊपरी स्तर पर मुनाफावसूली के दबाव से अंत में 355.90 अंक उछलकर 77,269.40 पर बंद हुआ। निफ्टी 121.75 अंक चढ़कर 24,119.30 पर बंद हुआ। मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक भी क्रमशः 0.63 फीसदी एवं 0.70 फीसदी बढ़त में रहे। बाजार की भाषा में यह डिस्काउंटेड इवेंट था। यानी राजनीतिक तस्वीर का बड़ा हिस्सा पहले ही शेयरों के भाव में शामिल हो चुका था। यही वजह है कि नतीजे बाजार में बड़ा जोश भी नहीं भर सके। पश्चिम बंगाल में भाजपा की मजबूती जैसे संकेत बाजार के लिए सहज रहे। वहीं, तमिलनाडु में विजय की पार्टी को उभार राजनीतिक रूप से दिलचस्प जरूर है, लेकिन फिलहाल शेयर बाजार की कमाई, मार्जिन या पूंजी प्रवाह से उसका सीधा रिश्ता नहीं दिखता। **सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर 5.30 फीसदी तक बढ़त में रहे।**

77,269.40 पर सेंसेक्स बंद 355.9 अंक चढ़ा

121.75 अंक उछला निफ्टी

2,835.62 करोड़ के शेयर खरीदे विदेशी निवेशकों ने

3.95 लाख करोड़ बढ़ी निवेशकों की संपत्ति

निवेशक क्या करें...अभी खुलकर खरीदारी से बचें

सिरर्च फर्म कमोडिटी समाचार के सीनियर सिरर्च एनालिस्ट राजेश शर्मा ने कहा, चुनावी नतीजों को खरीदारी का खुला निमंत्रण मानना जल्दबाजी होगी। मजबूत कंपनियों के शेयर धबराकर न बेचें। नई खरीदारी चरणबद्ध तरीके से चुनिंदा कंपनियों में करें। तेल-संबंध-तांबा और महंगे शेयरों में सावधानी बरतना बेहतर है। ब्रानीय मांग से जुड़े शेयरों में मानसून की प्रगति देखकर ही दांव लगाएं।

बीएसई के टॉप-5 गेनर

अदानी पोर्ट्स	5.30 फीसदी
एचयूएल	2.60 फीसदी
रिलायंस	2.24 फीसदी
एलएंडटी	2.18 फीसदी
इटरनल	2.29 फीसदी

इंडेक्स में भी दिखी बढ़त

मिडकैप	0.63 फीसदी
स्मॉलकैप	0.70 फीसदी
बैंकेक्स	1.27 फीसदी
ऑटो	0.84 फीसदी
एनर्जी	0.63 फीसदी
इंफ्रा	0.63 फीसदी
पीएसयू बैंक	0.63 फीसदी
रियल्टी	2.51 फीसदी
इंडस्ट्रियल्स	2.51 फीसदी
सर्विसेज	1.94 फीसदी
इंडस्ट्रियल्स	1.27 फीसदी
मेटल	0.84 फीसदी

पांच बड़े संकेतकों पर टिकेगा बाजार

चुनावी नतीजों के बाद बाजार अब पांच बड़े संकेतकों पर टिकेगा..कंपनियों के तिमाही नतीजे, कच्चा तेल, रुपया, विदेशी निवेशकों का रुख और मानसून।

- बाजार आने वाले दिनों में सूचकांक से ज्यादा कंपनियों की बैलेंस शीट और कमाई की गुणवत्ता पर नजर रखेगा।
- भारत के लिए महंगा तेल सिर्फ पेट्रोल-डीजल की कहानी नहीं है। यह आयात बिल बढ़ाता है, महंगाई को हवा देता है, चालू खाते पर दबाव डालता है और रुपये को कमजोर करता है।
- सोमवार को रुपया 95 के पार फिसल गया। रुपया और तेल मिलकर बाजार को यह याद दिला रहे हैं कि भारत को सबसे बड़ी परीक्षा अब बाहरी मोर्चे पर देनी होगी।
- कमजोर बारिश का असर सिर्फ खेत तक सीमित नहीं रहता। यह ग्रामीण मांग, महंगाई, ब्याज कटौती, एफएमसीजी, ट्रैक्टर व दोपहिया बिक्री, उर्वरक जैसे क्षेत्रों पर भी असर डालता है।

रिकॉर्ड गिरावट...अब 95 रुपये का हो गया एक डॉलर

ईरान युद्ध के बीच तेल की कीमतों में उछाल, विदेशी पूंजी निकासी और मजबूत डॉलर से रुपये पर बढ़ा दबाव

नई दिल्ली। रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 39 पैसे टूटकर पहली बार 95 के स्तर से नीचे 95.23 पर बंद हुआ। रुपये को गिरावट के पीछे तीन बड़े कारण हैं। पहला, पश्चिम एशिया के तनाव ने कच्चे तेल को फिर महंगा कर दिया है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है, इसलिए तेल महंगा होते ही डॉलर की मांग बढ़ती है। दूसरा, विदेशी निवेशकों की निकासी जारी है। इस साल अब तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयरों और बॉन्ड से करीब 20 अरब डॉलर निकाल चुके हैं। तीसरा, मजबूत डॉलर और वैश्विक जोखिम से उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव है। इस गिरावट के साथ रुपया इस साल अब तक 5.5 फीसदी टूट चुका है। इससे भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए बाहरी मोर्चे पर दबाव बढ़ गया है। ■ दीपक डेवक



टूट चुका है रुपया इस साल अब तक

■ *एक अनुमान के मुताबिक, रुपये की विनिमय दर में 10 फीसदी गिरावट थोक महंगाई को करीब एक फीसदी अंक तक तक बढ़ा सकती है। आगे रुपये की चाल कच्चा तेल, विदेशी निवेश, आरबीआई के हस्तक्षेप और डॉलर इंडेक्स से तय होगी। फिलहाल संकेत साफ हैं...रुपये की गिरावट बाजार की नहीं, बल्कि बजट की भी चिंता है।*

चांदी की कीमत 6,800 रुपये बढ़ी, सोने में 2,000 गिरावट

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों में कीमतों पर दबाव के बावजूद आभूषण खिलाओं और स्टॉकिस्टों की मजबूत खरीदारी से सोमवार को दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 6,800 रुपये महंगी होकर 2,49,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पहुंच गई। हालांकि, सोना 2,000 रुपये सस्ता होकर 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) मौसिन गांधी ने कहा, ऊर्जा की ऊंची कीमतों और अमेरिका-ईरान वार्ताओं को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच सोने की कीमत में गिरावट आई। वैश्विक बाजार में सोना 49.27 टूटकर 4,565.68 डॉलर प्रति औंस रहा। एजेंसी



लगातार तीसरे महीने तेल उत्पादन बढ़ाएगा ओपेक

संयुक्त अरब अमीरात के बाहर होने की घोषणा के बाद ओपेक प्लस देशों की पहली बैठक

नई दिल्ली। वैश्विक क्रूड बाजार में मचे उथल-पुथल और पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक प्लस ने रविवार को कच्चे तेल के उत्पादन में मामूली बढ़ोतरी करने पर सहमति जताई है। यह लगातार तीसरा महीना है, जब समूह ने उत्पादन कोटा बढ़ाने का निर्णय लिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस सप्ताह संयुक्त अरब अमीरात के समूह से बाहर होने के बावजूद ओपेक प्लस ने अपनी विस्तार योजनाओं को जारी रखा है।

ओपेक प्लस का यह कदम वैश्विक बाजार को संदेश देने की कोशिश है कि वह आपूर्ति बढ़ाने के लिए तैयार है, लेकिन वास्तविक राहत तभी मिलेगी, जब युद्ध के बादल छटेंगे और होर्मुज जलडमरूमध्य का रास्ता खुलेगा।

समूह के सात प्रमुख देश जून में तेल उत्पादन लक्ष्य को 1,88,000 बैरल प्रतिदिन बढ़ाने पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हुए हैं। इस बैठक में सऊदी अरब, रूस, इराक, कुवैत, अल्जीरिया, कजाखस्तान और ओमान शामिल हुए। बाजार विश्लेषकों एवं तेल व्यापारियों का मानना है कि उत्पादन बढ़ाने का यह फैसला फिलहाल काफी हद तक कागजी या सांकेतिक ही रहेगा। ऊपर, आपूर्ति में बाधा के कारण कच्चे तेल की कीमतें पिछले सप्ताह बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर को पार कर गई थीं। विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि अगले एक से दो महीनों में दुनियाभर में विमान ईंधन की भारी कमी हो सकती है और वैश्विक महंगाई में तेज उछाल आ सकता है।



जेपी मामले में वेदांता लि. की अपील खारिज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने वेदांता लि. की उन दो याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें जयप्रकाश एसोसिएट्स (जेपी) के अधिग्रहण के लिए अदाणी इंटरप्राइजेज की बोली के चयन को चुनौती दी गई थी। एनसीएलटी ने आदेश में कहा, ऋणदाताओं की समिति का निर्णय समाधान योजनाओं के समग्र मूल्यांकन और व्यावसायिक सम्मत पर आधारित था। समिति की ओर से उच्च मूल्य वाली योजना को मंजूरी न देने को अनुचित नहीं कहा जा सकता।

नेपाल ने लिपुलेख पर क्षेत्रीय दावा फिर दोहराया

काठमांडो। नेपाल ने सोमवार को लिपुलेख दर्रे पर अपना क्षेत्रीय दावा एक बार फिर से दोहराया है। नेपाल सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए भारत के साथ बातचीत को वकालत भी की।



पोखरेल

यह घटना नई दिल्ली द्वारा काठमांडो के इस क्षेत्र पर रुख को स्पष्ट रूप से खारिज करने के एक दिन बाद हुई। भारत ने रविवार को उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से होकर आगामी कैलास मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति को दृढ़ता से खारिज कर दिया था। पोखरेल ने भारत से चर्चा की मांग भी की। एजेंसी

सांविधानिक परिषद संबंधी अध्यादेश पौडेल को लौटाया

काठमांडो। नेपाल मंत्रिमंडल ने सोमवार को सांविधानिक परिषद के अध्यादेश को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के पास पुनः भेजने का निर्णय लिया है। यदि अध्यादेश को मंजूरी मिल जाती है तो पीएम बालेंद्र शाह की सरकार को सांविधानिक निकायों के प्रमुखों की नियुक्ति करने का एक मिल जाएगा। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल द्वारा अध्यादेश को पुनर्विचार के लिए मंत्रिमंडल को वापस भेजने के एक दिन बाद सामने आया है। एजेंसी

भारत-जमैका संबंधों में निरंतरता और परिवर्तन जैसी विशेषताएं : जयशंकर

विदेश मंत्री ने कहा, दोनों देशों में 180 वर्षों के रिश्ते हमारे संबंधों को खास रंग देते हैं

किंग्सटन। भारत-जमैका द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने के मकसद से विदेश मंत्री जयशंकर कैरेबियाई देश के पहले आधिकारिक दौर पर हैं। पहली यात्रा पर हैं। यहां उन्होंने कहा, भारत और जमैका के बीच संबंध निरंतरता व बदलाव से प्रेरित हैं। उन्होंने, यह संबंध साझा इतिहास पर आधारित हैं जो वर्तमान सहयोग से मजबूत हो रहा है और भविष्य में अधिक संभावनाओं की ओर अग्रसर है। उन्होंने गहरे तथा आधुनिक लचीली साझेदारी बनाने के लिए मिलकर काम करने पर जोर दिया।

एक लेख में जयशंकर ने कहा, दोनों देशों को साथ मिलकर काम जारी रखना चाहिए। ये ऐसे संबंध हों जो न्यायपूर्ण विश्व के निर्माण में योगदान दें। भारतीय प्रवासी समुदाय का जमैका के साथ 180 वर्षों से संबंध है। यही रिश्ता हमारे संबंधों को खास रंग देता है। जयशंकर ने कहा, जमैका सुनते ही भारतीय लोग माइकल होल्डिंग और क्रिस गेल का क्रिकेट, बॉब मार्ले व जिमी क्लिफ का संगीत याद करते हैं। ये संबंध दोनों देशों के बीच गहरा जुड़ाव दर्शाते हैं, जिसमें वैश्विक दक्षिण शामिल है। एजेंसी

जमैका की विदेश मंत्री कामिना जे. स्मिथ के साथ जयशंकर।

साझा अतीत में निहित है द्विपक्षीय रिश्ता

जयशंकर ने कहा, भारत-जमैका का रिश्ता साझा अतीत में निहित है। यह मौजूदा सहयोग से प्रगाढ़ हो रहा है और भावी संभावनाओं की ओर उन्मुख है। यह शुरुआत 19वीं और 20वीं सदी में भारतीय गिरमिटिया श्रमिकों की यहां की यात्रा से शुरू हुई।

संबंधों को आधार देते हैं दोनों समुदाय

विदेश मंत्री ने कहा, भारतीय-जमैका समुदाय एक सक्रिय और गतिशील शक्ति है जो दोनों देशों के संबंधों को आधार देकर आगे बढ़ाती है। 1962 में राजनयिक संबंधों ने उस चीज को औपचारिक रूप दिया जिसकी नींव दोनों देश पहले ही डाल चुके थे।

क्रिकेट दोनों देशों को रनों और मित्रता में बांधता है

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नई दिल्ली द्वारा उपहार में दिया गया डिजिटल स्कोरबोर्ड जमैका को समर्पित करते हुए कहा कि क्रिकेट दोनों देशों के बीच एक सेतु का काम करता है। यह रनों, सम्मान और मित्रता पर आधारित संबंधों को मजबूत करता है। किंग्स्टन के प्रतिष्ठित सबीना पार्क क्रिकेट स्टेडियम में स्कोरबोर्ड के अनावरण मौके पर बोलते हुए जयशंकर ने खासकर क्रिकेट की एकता की भूमिका पर प्रकाश डाला, जिसे भारत में एक अरब से अधिक लोग पूरे जुनून से देखते हैं। वह बोले, खेल देशों को एक साथ लाते हैं और क्रिकेट एक विशेष माहौल रखता है। जयशंकर ने कहा, जमैका के क्रिकेटरों को भारतीय प्रशंसकों का भरपूर समर्थन मिलता है, जिसमें अर्जुनीयल भी शामिल है।

प्रवासियों के भारत से संबंधों में बदलाव की रूपरेखा : विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमैका की राजधानी में भारतीय प्रवासियों के साथ एक वार्तालाप के दौरान कुशियों बांटे, साथ-साथ विकास और औद्योगिकी संचालित शासन और उभरित में भारत में हो रहे परिवर्तन पर चर्चा की। मंत्री ने भारतीय प्रवासियों द्वारा भारत के संबंधों में बदलाव की रूपरेखा रखी।

क्रूज जहाज पर फैला हंता वायरस, 3 लोगों की मौत

केपटाउन। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) व दक्षिण अफ्रीकी स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि अटलांटिक महासागर में एक क्रूज जहाज पर संदिग्ध हंता वायरस के प्रकोप से एक चुलुर्ग दंपती समेत 3 मौतें हो गईं। इस वायरस से जहाज पर तीन अन्य के बीमार होने की सूचना है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा, मामले की जांच जारी है और कम से कम एक मामले में हंता वायरस के संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। अभी एक मरीज दक्षिण अफ्रीका के एक अस्पताल के आईसीयू में है, जबकि जहाज पर इसके लक्षण वाले दो अन्य मरीजों की वहां से निकालने के प्रयास चल रहे हैं। जहाज अफ्रीकी पश्चिमी तट पर स्थित ट्रिस्तेन दा कोन्हा के पास खड़ा है।

अंबुजा सीमेंट दो व भेल 1.40 रुपये देगी लाभांश

नई दिल्ली। अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लि. का वित्त वर्ष 2025-26 की चार्ट तिमाही में शुद्ध लाभ 37.43% बढ़कर 1,857.43 करोड़ रुपये पहुंच गया। कंपनी के बोर्ड ने 2025-26 के लिए 100% यानी दो रुपये के अंकित मूल्य पर प्रति शेयर दो रुपये लाभांश देने की सिफारिश की है। उधर, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (भेल) का मुनाफा मार्च तिमाही में 2.5 गुना से अधिक बढ़कर 1,290.47 करोड़ हो गया है। कंपनी ने 1.40 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश को मंजूरी दी है।

पश्चिम एशिया के हालात पर समीक्षा को लेकर बातचीत

इस्लामाबाद। पश्चिम एशिया में लगातार बदलते क्षेत्रीय समीकरणों के बीच पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इसाक डार ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से टेलीफोन वार्ता की। यह बातचीत पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति की समीक्षा के मकसद से की गई। वह वार्ता मौजूदा क्षेत्रीय माहौल और इस्लामाबाद द्वारा की जा रही कूटनीतिक पहलों पर केंद्रित रही।

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD

रायपुर बैंक ऑफिस: उषा प्राइड, दूसरी मंजिल, गोंदा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001
फोन नंबर: 0788-4050784, मोबाइल नंबर: 9201260502, वेबसाइट: www.lichousing.com

ई-नीलामी बिक्री नोटिस

यहाँ नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणकर्ता(ओं)/सहऋणकर्ता(ओं)/गारंटर को विस्तार नोटिस जारी किया है, जिसमें उनसे उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। क्योंकि, ऋणी/सहऋणकर्ता/गारंटर उक्त देय राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

उक्त नोटिस इसलाइसरकारों के तहत अधिनियम की धारा 13 (4) और धारा 14 के साथ नियम 8 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भौतिक (ऐ) कब्जा ले लिया है। यह सूचना आम जनता को तथा विशेष रूप से कर्जदार(ओं)/ गारंटर (ओं) को दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति एलआईसी एचएफएल के पास बंधक रखी गई है, जिसका कब्जा एलआईसी एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है तथा इसे "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर तथा बिना किसी सहारा के आधार पर दिनांक 12.06.2026 को नीचे दिए गए संकेत विवरण के अनुसार बेचा जाएगा।

संपत्ति क्रमांक 1) सोरनलाल साहू / दीना साहू, ऋण संख्या – 120700003248/120700005494

संपत्ति का विवरण

खसरा नंबर 119/35, ए.ह. नं. 19/22, मैत्री कुंज रिसाली, वार्ड नंबर 61, भिलाई, दुर्ग, छ.ग., 490006

मांग सूचना तिथि: 16/05/2024	
मांग राशि: रु. 34029997/- + ब्याज व अन्य शर्तें	ACCOUNT DETAILS
शब्दों की तिथि : 24.03.2026 (भौतिक कब्जा)	Beneficiary Name: LIC Housing Finance Ltd.
रिजर्व प्राइस गुना -रु. 4893000/- (रुपये त्रियालीस लाख तिरानवे हजार मात्र)	Bank: Axis Bank, Centralised Collection Hub
ईएमडी रु. 489300/- (रुपये चार लाख उनहत्तर हजार तीन सौ मात्र)	Account No: LHRP120700003248
जाच की तारीख तक देय कुल राशि - रु 31,09,354.89 (120700003248) रु 13,41,874.89 (120700005494)	IFSC Code: UTIB0CCH274

संपत्ति का पता जहां दस्तावेजों का निरीक्षण किया जा सकता है: एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड,दुकान 252-254,262-264, प्रथम तल, मोहान प्लेटेक्स, बाजा गोंदे कपालेश्वर के सामने, पुरैना, भिलाई, दुर्ग, छ.ग.

संपत्ति संबंधी दस्तावेजों की फोटोकॉपी के निरीक्षण की तिथि एवं समय:	05/06/2026 दोपहर 12.00 से 3.00 बजे तक
संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय:	05/06/2026 दोपहर 12.00 से 3.00 बजे तक
संपर्क व्यक्ति: श्रीमती हेता दुबे	संपर्क विवरण: 9201260502
सेवा प्रदाता से ई-नीलामी का संपर्क विवरण	(https://www.auctionbazaar.com), ई-मेल: contact@auctionbazaar.com / support@auctionbazaar.com disposal.central@auctionbazaar.com अधिकार नामनेब 7799830999
ऑनलाइन निविदा / बोली जमा करने की अंतिम तिथि	10/06/2026 और शाम 5:00 बजे से पहले
ई-नीलामी की तिथि और समय:	नीलामी की तिथि: 12.06.2026 एवं नीलामी की समयावधि: दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

संपत्ति की अन्य शर्तों/नियम और शर्तों और विस्तृत विवरण https://online.lichousing.com/auction/ के अनुसार ही लागू होंगी।
दिनांक : 05/05/2026, स्थान : भिलाई

प्राधिकृत अधिकारी, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि.

पंजाब नैशनल बैंक

pnb

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, रायपुर (छ.ग.)

ई-नीलामी तिथि - 26.05.2026

समय: सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक

सरफेसी अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अन्तर्गत बैंक में बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री

APPENDIX-IV-A [See proviso to rule 8(6)]

निम्नि अनिवार्यों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अचल संपत्तियों की ई-नीलामी सूचना सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत जारी की जा रही है। इस सूचना के द्वारा उधारकर्ताओं, जमानतदारों तथा आम जनता को सूचित किया जाता है। कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है एवं इन संपत्तियों को बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एकपक्षीय/सीधे/सांकेतिक द्वारा अधिकार में लिया गया है। इन संपत्तियों को विक्रय "जहां है जैसा है" "जो भी है जैसा भी है" नीचे दिये कॉलमों में वर्णित तिथि में बैंक/सुरक्षित लेनदार के देय राशि उधारकर्ताओं तथा जमानतदारों से वसूली के लिए किया जा रहा है। आरक्षित मूल्य तथा ज्ञात राशि नीचे तालिका में संपत्तियों में समक्ष दर्शाई गई है।

सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची

क्र.	शाखाप्रबंधक का नाम / उधारकर्ता / जमानतदार का नाम व पता / पंजीकृत का नाम	बैंक का नाम/अचल संपत्तियों का विवरण / न्यायिक का नाम	1) 13(2) के डमा डिमांड नोटिस की तिथि 2) बकाया राशि 3) कब्जा लिये तारीखें 4) कब्जा की प्रकृति	आरक्षित मूल्य / ईएमडी (राशि में) / बोली वृद्धि राशि- 10000/- प्रत्येक संपत्ति के लिए
1	उधारकर्ता-1) श्रीमती मन्ता शर्मा पति श्री आर. के. शर्मा, उधारकर्ता- 2) मैसर्स आई केमिस्ट प्रोप्र.-श्री शर्मा एवं जमानतदार- श्रीमती मन्ता शर्मा पति एल. आर. के शर्मा, शाखा- रायपुर, रायपुर 152250, संपर्क- वसूली अधिकारी- श्रीमती पुनीती कुमारी, 7632986606	आवासीय मकान - प्लॉट नंबर 209, खसरा नंबर 378/1 का भाग, म्यूटेशन के बाद भूमि: हल्केला खसरा नंबर 378/115, ए.ह. नंबर 104/67, सुकल गृह निर्माण सहकारी समिति, गोंदा-सावुदा, आरआईटी- रायपुर, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) में क्षेत्रफल -5575 वर्गमीटर पर स्थित संपत्ति, चतुर्दिक- उत्तर- श्रीमती मन्ता बाजपेयी गिता श्री के एल. बाजपेयी, सीमाएँ: उत्तर: प्लॉट नं 210, दक्षिण: प्लॉट नं 208, पूर्व: सड़क, पश्चिम: आरक्षित सोसाइटी/नगरीय निर्माण: 21.231636, 81.598893 , नोट: उधारकर्ता-1 के लिए- यह अचल संपत्ति निम्नलिखित खाते में भी बंधक है : 1) मैसर्स आई केमिस्ट, प्रोपराइटर - श्री शर्मा का नाम कर्ज खाता क्रमांक - 152520CM0000002, उपरान्त पूर्व कब्जा राशि रु. 62,850.34 (रुपये चौंसठ हजार आठ सौ पचास चौंतीस मात्र) + दिनांक 14.08.2024 से भावी ब्याज एवं अन्य शुल्क । 2) श्री शर्मा एवं मन्ता शर्मा (सह-आवेदक) का कर्ज खाता क्रमांक 152520CM0000003का बकाया राशि रु. 18,42,277.50 (रुपये अठारह लाख बयालीस हजार दो सौ सत्तहत्तर पचास पैसे मात्र) + दिनांक 25.11.2024 से भावी एवं अन्य शुल्क। **नोट: उधारकर्ता-2 के लिए:** यह अचल संपत्ति निम्नलिखित खातों में भी बंधक है : 1) मैसर्स आई केमिस्ट, सोलापुरी रायपुर (152520) से भी बंधक है : 1) मन्ता शर्मा का उपरान्त बाकी खाता क्रमांक 152520CM0000402 में बकाया राशि रु. 31,43,025.66 (रुपये इकतीस लाख तिरानवे हजार पच्चीस व छियासठ पैसे मात्र) + दिनांक 31.07.2024 से भावी एवं अन्य शुल्क। 2) श्री शर्मा एवं मन्ता शर्मा (सह-आवेदक) का कर्ज खाता क्रमांक 152520CM0000003का बकाया राशि रु. 18,42,277.50 (रुपये अठारह लाख बयालीस हजार दो सौ सत्तहत्तर पचास पैसे मात्र) + दिनांक 25.11.2024 से भावी एवं अन्य शुल्क।	1) 13-02-2024 2) रु. 1,45,59,053.73 + दिनांक 05.12.2024 से ब्याज प्रभारी 3) 26.02.26 को भौतिक कब्जा	रु. 261.11 लाख / रु. 26.11 लाख
2	उधारकर्ता- मैसर्स राजेश्री प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड,निदेशकों- श्री राजेश अग्रवाल एवं श्री लक्ष्य अग्रवाल, जमानतदारों - श्री राजेश अग्रवाल, श्री लक्ष्य अग्रवाल एवं श्रीमती निर्मल देवी, बंधककर्ता - मैसर्स राजेश्री प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड, शाखा-जवाहरलाल नेहरू, रायपुर, 033900, संपर्क: वसूली अधिकारी: मीना कुमार, 9770780508	प्लॉट नम्बर 499ए, हैड नम्बर 34 , औद्योगिक क्षेत्र, उरला, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) में क्षेत्रफल - 11,935 वर्ग मीटर या 0.28 एकड़ पर स्थित प्लॉट व मशीनरी, भूमि एवं भवन का समस्त भाग तथा अंश, मालिकाना हक- मैसर्स राजेश्री प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड सीमाएं (लीज डीड के अनुसार) :- उत्तर - हैड न 33, दक्षिण- हैड न 35, पूर्व- 40' चौड़ी सीएसआईडीसी सड़क, पश्चिम- निजी भूमि। भौगोलिक निर्देशांक: 21.308187, 81.609372	1) 05-12-2024 2) रु 1,45,59,053.73 + दिनांक 05.12.2024 से ब्याज प्रभारी 3) 26.02.26 को भौतिक कब्जा	रु. 106.76 लाख / रु. 10.68 लाख
3	उधारकर्ता - मैसर्स ईश्वर मेनिफेक्चर, कॉर्पोरेशन - श्री प्रकाश शर्मा पिता श्री सुरेंद्र नाथ शर्मा, शाखा - कुरूदा, रिकवरी 143010, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री सार्थक उपाध्याय, 9981790493	सेलहुरी परिसर पर स्थित भूमि व भवन - खसरा नं 1106/4, ए.ह.नं 36, आरआईटी रायपुरा,कुरूद - राजस्व, तहसील/जिला - रायपुर, छत्तीसगढ़ में क्षेत्रफल - 0.066 हेक्टेयर पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक - श्री प्रकाश शर्मा पिता स्व. सुरेन्द्रनाथ शर्मा। सीमाएं: उत्तर- मुख्य सड़क, दक्षिण- सरकारी भूमि, पूर्व - खसरा, पश्चिम - किशनलाल की भूमि, भौगोलिक निर्देशांक-21.1157057, 81.1935312	1) 02.05.2012 2) रु 78,72,029.00 + दिनांक 02.05.2012 से ब्याज प्रभारी 3) 05.07.12 को सांकेतिक कब्जा	रु. 14.54 लाख / रु. 1.45 लाख
4	उधारकर्ता- मेसर्स महादेवा इन्फोटेक एंड आईटी कॉन्सल्टेंस, प्रोप्र.- श्रीमती स्वाति पति श्री लोकन कुमार साहू, शाखा - भिलाई बैंक- 219410, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री सार्थक उपाध्याय, 9981790493	खसरा नंबर 855/10, ए.ह. नंबर 02, ग्राम-सिरसाकला, बगेदा, रहसीटा-पाटन, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़ में क्षेत्रफल 6000 वर्गफुट पर स्थित आवासीय खुली भूमि, मालिकाना हक- श्रीमती स्वाति कुमारी पति श्री लोकन कुमार साहू। सीमाएं: उत्तर- खसरा नं. 823/2, दक्षिण- खसरा नं. 855/2, पूर्व- खसरा नं. 858, पश्चिम- 25 फीट रोड, भौगोलिक निर्देशांक- 21.194888, 81.451067	1) 29.01.2025 2) रु 38,22,513.38 + दिनांक 29.01.2025 से ब्याज प्रभारी 3) 07.08.25 को सांकेतिक कब्जा	रु. 17.01 लाख / रु. 1.70 लाख
5	उधारकर्ता- श्री नरेंद्र यादव, श्रीमती सुमन यादव, श्रीमती अंजू यादव, श्रीमती रीति यादव पति स्व श्रीमती सविता यादव, रामकुंड, वार्ड नं. 16 रायपुर (छ.ग.). शाखा- देवेंद्र नगर, रायपुर, 748401, संपर्क: वसूली अधिकारी: श्री मनोहर राम, 6207237725	आवासीय भूमि एवं भवन (G+1): प्लॉट खसरा नं.-458/1(पार्ट) पटवारी- 106-बी, मौजा- सिरसीवाला, रामकुंड वार्ड नं.16, तहसील एवं जिला रायपुर में क्षेत्रफल- 2295 वर्गफीट पर संपत्ति स्थित है। **मालिकाना हक- श्री नरेन्द्र यादव, सुमन यादव, अंजू यादव एवं रिति यादव,** सीमाएँ: उत्तर - इलेक्ट्रॉनिक गारमन्ट की दुकान, दक्षिण -मोबाइल की दुकान, पूर्व - अन्य मकान, पश्चिम - सड़क। भौगोलिक निर्देशांक: 21.243371, 81.617433	1) 03.11.2018 2) रु 47,74,063.88 + दिनांक 03.11.2018 से ब्याज प्रभारी 3) 05.01.19 को सांकेतिक कब्जा	रु. 46.69 लाख / रु. 4.67 लाख
6	उधारकर्ता - अमर ईसरानी पिता स्व. एल एम ईसरानी, सह-आवेदक- श्रीमती मोनिका ईसरानी पति श्री अमर ईसरानी, शाखा- अमृतधन नगर, रायपुर, 296600, संपर्क : वसूली अधिकारी- श्री मनोज कुमार, 9729791068	आवासीय प्लॉट: प्लॉट नं बी-102, प्रथम तल, प्रेम चर्च कॉम्प्लेक्स, मौजा- तुलसी, खसरा नं. 247/5 (भाग), ए.ह.नं. 113, महावीर नगर, रायपुर में क्षेत्रफल 861 वर्गफीट पर स्थित संपत्ति। मालिकाना हक: श्री अमर ईसरानी पिता स्व. एल एम ईसरानी, सीमाएं: उत्तर- प्लॉट नं. 1/102, दक्षिण- खाली जमीन, पूर्व- प्लॉट नं. बी-101 एवं गार्ड, पश्चिम- 30 फीट गार्ड, पश्चिम-अंजनमान की ओर खुला, भौगोलिक निर्देशांक: 21